Publication: Dainik Jagran
Edition: Kolkata
Date: October 16, 2019

सेना के जवानों का किया मनोरंजन

कोलकाता : भारतीय सेना मुस्कान के साथ सभी प्रतिकूलताओं का सामना करती है, हमारे परिवारों को घर पर शांति से सोने में मदद करती है। उनके अथक प्रयासों को सलाम करने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए बुक माई शो की चैरिटी पहल बुक ए स्माइल ने मिशन मनोरंजन- एक ऐसी परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य वर्दी में पुरुषों और महिलाओं को मनोरंजन के विभिन्न अनुभव प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के सैनिकों का मनोरंजन करना है, जिसका शुभारंभ सिटी ऑफ जॉय - कोलकाता में हुआ। बॉलीवुड गायक सिद्धार्थ महादेवन और स्टैंड-अप कॉमेडियन राजीव निगम ने फोर्ट विलियम में 5,000 से अधिक जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारों का मनोरंजन किया। (जासं)